लखनऊ से अब 20 सीधी अन्तरराष्ट्रीय उड़ानें चालू

राहत

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लखनऊ से क्वालालंपुर के लिए सीधी उड़ान शुरू होने जा रही है। अन्तरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या 20 तक पहुंच जाएगी।

क्वालालंपुर के लिए एयर एशिया 13 सितम्बर से उड़ान शुरू करेगी। लखनऊ से क्वालालंपुर के लिए सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उड़ान होंगी। यहां से फ्लाइट एके-14 रात 10 बजे उड़ान भरेगी। यह वहां सुबह 5:25 पर उतरेगी। क्वालालंपुर से फ्लाइट संख्या एके-15 शाम 19:10 बजे उड़ान भरकर रात 21:25 पर लखनऊ उतरेगी। लखनऊ से अभी तक नौ अन्तरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सीधी उड़ानें थीं। अब यह संख्या 10 हो जाएगी। 29 घरेलू गंतव्यों के लिए 135 उड़ानें हैं। कुछ समय पहले ही बैंकाक की उड़ान शुरू हुई है। बाकी दुबई, मस्कट और रियाद के लिए सर्वाधिक उड़ानें हैं।